(b) if so, what steps are being proposed to be taken to promote tourism in these N.E. States; and

(c) whether the Central Government have received any representation from these States on this issue and if so, what action has been taken thereon?

THE MINISTRY OF COMMERCE AND TOURISM (SHRI ARUN KUMAR NEHRU): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Recently Central Government have relaxed restrictions on the entry of tourists in some areas of North Eastern region.

उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों का स्थानान्तरण

1219. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उच्च न्यायालयों के उन मुख्य न्यायाधीशों के नाम क्या हैं, जो अपने ही राज्य में कार्यरत हैं और जिनके सेवानिवृत्त होने में अभी दो वर्ष से अधिक का समय है ;

(ख) उन्हें अब तक स्थानांतरित न करने के क्या कारण हैं ; और

(ग) उनका स्थानांतरण कब तक कर दिया जाएगा ?

इस्पात और खान मंत्री साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री दिनेश गोस्वामी) : (क) कोई नहीं। इलाहाबाद, पंजाब और हरियाणा तथा राजस्थान उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायमूर्ति के पद रिक्त हैं, जहां योग्यतम अवर न्यायाधीश उक्त पदों के कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

"फेरा" का अतिक्रमण किए जाने के मामले

1220. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उन व्यक्तियों के सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है, जिनके विरुद्ध पिछले तीन महीनों के दौरान "फेरा" के अंतर्गत कार्यवाही की गई है और उनसे कितनी धनराशि वसूल की गई है ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : दिसम्बर, 1989 से फरवरी, 1990 तक पिछले तीन महीनों में विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के अन्तर्गत मामलों का आंकड़ा इस प्रकार है :—

(i) ली गई तलाशियों की संख्या	688
(ii) पकड़ी गई भारतीय मुद्रा (लाख रुपयों में)	192.93
(iii) पकड़ी गई विदेशी मुद्रा (लाख रुपयों के समकक्ष)	227.61
(iv) गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या	92
(v) कोफपोसा के अंतर्गत रोके गए व्यक्तियों की संख्या	31
(vi) लगाए गए जुर्माने की राशि (लाख रुपयों में)	517
(vii) वसूल किए गए जुर्माने की राशि (लाख रुपयों में)	63 61

वस्त्र नीति के संबंध में श्वेत-पत्र

1221. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वस्त्र नीति पर कोई श्वेत-पत्र प्रस्तुत करने का इरादा रखती है ; और